आकाशवाणी श्री विजयपुरम

01.10.2025 समय : 1905

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा – राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने राष्ट्र की अथक सेवा की है और समाज को सशक्त बनाया है।
- केन्द्रीय मंत्रिमंडल ने केंद्र सरकार के कर्मचारियों के लिए महंगाई भत्ते और पेंशनभोगियों के लिए महंगाई राहत में तीन प्रतिशत बढोतरी को मंजूरी दी।
- "स्वच्छता ही सेवा" अभियान के तहत, अटल भवन और जिला निवास परिसर में स्वच्छता अभियान का आयोजन किया गया।
- दुर्गा पूजा त्योहार को देखते हुए डिग्लीपुर के लिए विशेष फेरी सेवा की व्यवस्था की गई है।

<><><><><><>

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज नई दिल्ली में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ–आर.एस.एस. के शताब्दी समारोह में भाग लिया। शताब्दी समारोह आर.एस.एस. की विरासत, संघ के सांस्कृतिक योगदान और देश की एकता में संघ की भूमिका को दर्शाता है। इस अवसर पर अपने संबोधन में प्रधानमंत्री ने कहा कि आर. एस.एस. राष्ट्र निर्माण के लिए कार्यरत है। प्रधानमंत्री नरेन्द्रमोदी ने कहा कि संघ के स्वयंसेवक राष्ट्र सेवा और समाज को सशक्त बनाने के लिए अथक प्रयास करते रहे हैं। इस अवसर पर श्री मोदी ने एक विशेष स्मारक डाक टिकट और सिक्का भी जारी किया। उन्होंने कहा कि सिक्के पर भारत माता का प्रतीक है।

<><><><><><>

केंद्रीय मंत्रिमंडल ने केंद्र सरकार के कर्मचारियों के लिए महंगाई भत्ते और पेंशनभोगियों के लिए महंगाई राहत में तीन प्रतिशत बढोतरी को मंजूरी दी है। सूचना और प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने नई दिल्ली में कैबिनेट बैठक के बाद बताया कि इससे केंद्र सरकार के लगभग उनचास लाख बीस हजार कर्मचारियों और अड़सठ लाख सत्तर हजार पेंशनभोगियों को लाभ होगा। यह बढौत्तरी इस वर्ष पहली जुलाई से प्रभावी होगी। केंद्रीय मंत्रिमंडल की आर्थिक मामलों की समिति ने देश भर में पांच हजार आठ सौ बासठ करोड़ रुपये से अधिक परिव्यय से सत्तावन नए केंद्रीय विद्यालय खोलने को मंजूरी दी है। श्री वैष्णव ने बताया कि जिन जिलों में कोई केंद्रीय विद्यालय नहीं है, वहां बीस केंद्रीय विद्यालय खोले जाएंगे। श्री वैष्णव ने कहा कि इससे सतासी हज़ार विदयार्थियों को लाभ होगा और शिक्षकों के चार हजार छह सौ अतिरिक्त पद सृजित होंगे।

<><><><><><>

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा घोषित अगली पीढ़ी के जीएसटी सुधार भारत की अप्रत्यक्ष कर प्रणाली को सरल बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। अब लोग जीएसटी सुधारों का लाभ ले सकते हैं जो बाईस सितम्बर से लागू हो गए हैं। ये सुधार विभिन्न वस्तुओं और सेवाओं पर कर की दर कम करके नागरिकों को पर्याप्त राहत प्रदान कर रहे हैं। आज हम बात करेंगे हस्तशिल्प वस्तुओं पर जीएसटी कटौती के बारे में।

<><><><><><>

"स्वच्छता ही सेवा दो हजार पच्चीस" अभियान के तहत, दक्षिण अंडमान जिला परिषद अध्यक्ष प्रकाश अधिकारी के नेतृत्व में आज श्री विजया पुरम स्थित अटल भवन और जिला निवास परिसर में स्वच्छता अभियान का आयोजन किया गया। इस मौके पर उपाध्यक्ष बूमिनाथन, जिला परिषद सदस्य मरियम बीबी और दशरथ वर्मा के साथ विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी सक्रिय रूप से शामिल हुए। जिसमें कुल छत्तीस बोरी कचरे का संग्रहण किया गया। इस अभियान के दौरान विभाग के अधिकारी, कर्मचारी तथा स्थानीय नागरिकों ने मिलकर सफाई अभियान को सफल बनाया और 'स्वच्छता ही सेवा' मिशन को बढ़ावा देने की प्रेरणा दी।

<><><><><><>

भारतीय रिजर्व बैंक ने चालू वित्त वर्ष के लिए अपने सकल घरेलू उत्पाद के वृद्धि अनुमानों को संशोधित कर छ दशमलव आठ प्रतिशत कर दिया है। इसने चालू वित्त वर्ष के लिए मुद्रास्फीति का अनुमान भी दो दशमलव छ प्रतिशत रखा है, जो पहले के अनुमान से कम है ।

<><><><><><>

आई टी आई डॉलीगंज में चार अक्टूबर को सुबह साढ़े आठ बजे कौशल दीक्षांत समारोह का आयोजन किया जाएगा। यह समारोह आई टी आई के मरीन वर्कशॉप परिसर में संपन्न होगा। इसी प्रकार का समारोह आई टी आई बकुलतला, रंगत और अरोंग, कार निकोबार में भी उसी दिन आयोजित किया जाएगा। सभी उत्तीर्ण प्रशिक्षणार्थियों को अपने—अपने संस्थान में उपस्थित होकर राष्ट्रीय व्यापार प्रमाण पत्र प्राप्त करने के लिए आमंत्रित किया गया है। कार्यक्रम के दौरान ऑल इंडिया ट्रेड टेस्ट में श्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले छात्रों को भी सम्मानित किया जाएगा। प्रशिक्षणार्थियों से आग्रह किया गया है कि वे अपने अभिभावकों के साथ समारोह में अवश्य भाग लें।

<><><><><><>

जहाजरानी सेवा निदेशालय ने दुर्गा पूजा के त्योहार को देखते हुए डिग्लीपुर के लिए विशेष फेरी सेवा की व्यवस्था की है। इसके तहत एम वी कच्छाल चार अक्टूबर को सवेरे सात बजे श्री विजय पुरम से डिग्लीपुर के लिए रवाना होगा और इसकी वापसी उसी दिन रात्रि नौ बजे डिग्लीपुर से होगी। यात्री स्टार्स टिकटिंग काउन्टर से तीन अक्टूबर को सुबह नौ बजे से शाम चार बजे के बीच टिकट खरीद सकते है।

उधर एम वी सिन्धु की तीस सितम्बर को ननकौड़ी होते हुए कैम्पबेल की यात्रा को तकनीकी कारणों से रद्द कर दिया गया। जिसके स्थान पर अब एम वी नालन्दा कल सुबह नौ बजे हैडो जेट्टी से ननकौड़ी होते हुए कैम्पबेल बे के लिए छूटेगा और इसकी वापसी चार अक्टूबर को सवेरे आठ बजे उन्हीं रास्तों से होते हुए श्री विजयपुरम के लिए होगी।

<><><><><><>

इग्नू ने जुलाई दो हजार पच्चीस सत्र के लिए नए प्रवेश की तिथि पन्द्रह अक्टूबर तक बढ़ा दी है, इग्नू में नए प्रवेश की प्रक्रिया पूरी तरह से ऑनलाइन है। छात्र इग्नू की वेबसाइट 'छात्र सेवा—प्रवेश अनुभाग' पर जाकर नए प्रवेश की प्रक्रिया शुरू कर सकते हैं। यदि किसी छात्र को प्रवेश के लिए ऑनलाइन फॉर्म भरने में कोई कठिनाई आती है, तो इग्नू क्षेत्रीय केंद्र, पर जा कर यह प्रक्रिया पूरी कर सकते है।

<><><><><><>

शिक्षा निदेशालय ने कैंपबेल बे शैक्षिक अंचल के सहयोग से, कैंपबेल बे ग्राम पंचायत के सामुदायिक भवन में एक ओपन शतरंज टूर्नामेंट का आयोजन किया। इस टूर्नामेंट में छात्रों, सरकारी कर्मचारियों और समुदाय के सदस्यों सहित विभिन्न आयु वर्गों के सौ से अधिक प्रतिभागियों ने भाग लिया। नॉकआउट और राउंड—रॉबिन राउंड वाले एक कड़े मुकाबले में, पीएम श्री जी एस एस एस कैंपबेल बे के छात्र फर्नान ने पहला स्थान हासिल किया, जबकि अंडमान लोक निर्माण विभाग के जुबिन राज और कोस्ट गार्ड स्कूल के छात्र अफराज ने क्रमशः दूसरा और तीसरा स्थान हासिल किया। खेल के बाद विजेताओं को ट्रॉफी और नकद पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।

<><><><><><>